# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 13 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### उप-तहसील के भवन का निर्माण करना

***61 डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या बावल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में उप-तहसील मनेठी के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

----

### सीवरेज प्रणाली का कार्य पूरा करना

***62 श्री देवेन्द्र हंस (गुहला):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि गुहला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की सीवन नगरपालिका में 8 वर्षों से सीवरेज प्रणाली बिछाने का कार्य अभी तक चल रहा है; यदि हां, तो उपरोक्त सीवरेज प्रणाली का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त गांव के निवासियों द्वारा उपरोक्त कार्य में अनियमित्ताओं के बारे में कई शिकायतें दर्ज कराई गई है; यदि हां, तो इन शिकायतों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) इसके अनुमानों, नियम एवं शर्तों का ब्यौरा क्या है तथा इस परियोजना के संबंध में सरकार द्वारा किसी अन्य पत्राचार की प्रति उपलब्ध कराई जाए?

----

## जल भराव की समस्या का समाधान करना

*63 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बरसात के मौसम में छोटू राम चौक तथा सिविल रोड़ पर (3-3.5 फीट) पानी एकत्रित हो जाता है तथा यह पानी शांत-माई चौंक से लेकर कैनाल रेस्ट हाउस कॉलोनियों के आस-पास के क्षेत्र जैसे संत नगर, हरि नगर, भगवान दास कॉलोनी इत्यादि के घरों में भी घुस जाता है तथा कई घंटों तक एकत्रित रहता है;

(ख) क्या उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा कोई स्थाई व्यवस्था की गई है ताकि पानी एकत्रित न हो तथा उपर वर्णित घरों में न घुसे; तथा

(ग) क्या इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए लाड-वाला जोहड़ (अप्पू घर) को नगर निगम, रोहतक से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को स्थानांतरित किया गया है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बस अड्डे के निर्माण में देरी के कारण

*64 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि मुलाना गांव में बस अड्डे के निर्माण में देरी के कारण क्या हैं तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## नकद पुरस्कार देना

*65 **श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2018 के बाद से राज्य के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार नहीं दिया गया है;

(ख) क्या राज्य के खिलाड़ियों को उक्त नकद पुरस्कार देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा नकद पुरस्कार कब तक दिए जाने की संभावना है?

----

## कूड़े के ढेरों का निपटान करना

***66 श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि सिरसा जिले में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर यहां-वहां पड़े हुए हैं; तथा
(ख) क्या ऐसे कूड़े के ढेरों के निपटान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## समान काम समान वेतन के तर्ज पर वेतन देना

***67 श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या नगर निगम, पंचकूला में अस्थाई सफाई कर्मचारियों को समान काम समान वेतन के सिद्धांत पर वेतन देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है; तथा
(ग) राज्य के उन नगर निगमों, नगर पालिकाओं तथा नगर परिषदों के नाम क्या हैं जिनमें अस्थाई सफाई कर्मचारी को समान काम समान वेतन का लाभ दिया जा रहा है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा भर्तियों से सम्बधित ब्यौरा

***68 श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) सरकार द्वारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम को स्थापित करने का औचित्य क्या हैं जबकि राज्य में भर्ती के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग तथा रोजगार कार्यालय पहले से ही मौजूद हैं;
(ख) वे मानदंड क्या हैं जिनके आधार पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा भर्ती किए गए अनुबंधित अभ्यर्थियों की पात्रता का मूल्यांकन किया जाता है; तथा
(ग) क्या यह तथ्य है कि केवल हरियाणा के अभ्यर्थियों का ही चयन किया गया है; यदि नहीं, तो अब तक कितने पदों पर अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों का चयन किया गया है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बस सेवाएं शुरू करना

***69 श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री (उचाना कलां):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या उचाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के निम्नलिखित गांवों/रूटों पर बस सेवाएं शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;
i) उचाना से नरवाना वाया गांव खेड़ी मसानिया, सेढ़ा माजरा, दरौली खेड़ा, सुरबारा, मंगलपुर तथा धाना खेड़ा;
ii) उचाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के उचाना से किठाना वाया गांव बरौदा, रोज खेड़ा, घोघरिया, कुचराना, चत्तर तथा थुआ;
iii) गांव धनखेड़ी से उचाना;
iv) गांव कसून से जींद (केवल महिलाओं के लिए);
v) गांव अलेवा से उचाना; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रूटों पर बस सेवा कब तक शुरू किए जाने की संभावना है

----

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेडिकल विद्यार्थियों की प्रतिशतता

***70 श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
राज्य के मेडिकल महाविद्यालयों (राजकीय तथा निजी) में उन मेडिकल विद्यार्थियों की प्रतिशतता कितनी है जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं तथा इन विद्यार्थियों को सरकार द्वारा कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है

----

## रेलवे उपरि पुल को चौड़ा करना

***71 श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि सोनीपत शहर के मिशन चौंक की ओर 2014 में बना रेलवे उपरि पुल बहुत संकुलित है तथा वर्तमान में इस तरफ से वाहनों का प्रवेश वर्जित है तथा उक्त उपरि पुल के गलत डिजाइन के कारण शहर दो भागों में बंट गया है; तथा
(ख) यदि हां, क्या उक्त रेलवे उपरि पुल को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बस अड्डे के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित करना

***72 श्री भगवान दास (नीलोखेडी):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2015 में मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 24559 के अंतर्गत

नीलोखेड़ी बस अड्डे के निर्माण के लिए रुपए 401.75 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी;
ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना के गत् 9 वर्षों से लंबित/रुकी पड़ी होने के कारण क्या हैं; तथा
ग) उक्त बस स्टैंड की निविदा कब तक आमंत्रित किए जाने की संभावना है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा 100 बेड के उप-मण्डल नागरिक अस्पताल के रूप में बढ़ाना

***73 श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 27136, दिनांकित 21.08.2022 के अनुसार लोहारू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा 100 बेड के उप-मण्डल नागरिक अस्पताल (एस.डी.सी.एच.) के रूप में बढ़ाया जाना था;
ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त घोषणा अभी तक अधूरी पड़ी है; तथा
ग) यदि हां, तो उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा कब तक बढ़ाये जाने की संभावना है?

----

## पशु हड्डी क्रशिंग प्लांट को बंद करना

***74 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या पर्यावरण,वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव दोहा के खेतों में स्थित पशु हड्डी क्रशिंग का आसपास के लोगों के लिए भयानक बन गया है तथा प्लांट से निकलने वाली बदबू ने आसपास के सभी गांवों के निवासियों का जीवन कठिन कर दिया है;
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त पशु हड्डी क्रशिंग से उत्पन्न प्रदूषण के कारण उक्त क्षेत्र के लोग, यहां तक की पशु भी बीमार पड़ रहे हैं; तथा
(ग) यदि हां, तो उक्त मामले में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा उपरोक्त प्लांट के कब तक बंद किये जाने की संभावना है?

----

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करना

***75 श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितने घरों में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा

रही है तथा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के शेष घरों में कब तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

***76 श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या युवा अधिकारिकता तथा उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या इंद्री शहर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है

----

## ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के लिए रॉयल्टी उपलब्ध कराना

***77 श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या खान एवं भू-विज्ञान मंत्री बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बाढडा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की गांव रामलवास के निवासियों ने विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया था तथा आस-पास के क्षेत्र में अवैध खनन तथा घटते जलस्तर के विरुद्ध हड़ताल पर बैठे हैं; यदि हां, तो क्या इस संबंध में जांच करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है की पहाड़ी के साथ लगते कई गांवों के विकास कार्यों के लिए निर्धारित की गई रॉयल्टी इन ग्राम पंचायतों को नहीं दी जा रही हैं; यदि हां, तो क्या इस संबंध में जांच करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि इन पंचायतों को विकास के लिए रॉयल्टी मिल सके तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## महिला महाविद्यालय को अधिकार में लेना

***78 श्री पवन खरखौदा (खरखोदा):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क्या खरखौदा स्थित महिला महाविद्यालय को अधिकार में लेने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो क्या वहां कार्यरत अध्यापकों/कर्मचारी को भी सरकार द्वारा अधिकार में लिया जाएगा/नियमित किया जाएगा तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सीटी स्कैन तथा एम.आर.आई. की सुविधा उपलब्ध कराना

***79 श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या चरखी दादरी के नागरिक अस्पताल में सीटी स्कैन तथा एम.आर.आई. की सुविधा उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो चरखी दादरी के नागरिक अस्पताल में उपरोक्त सुविधाओं को कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## चार मार्गी सड़क का निर्माण करना

*80 **श्री विकास सहारण (कलायत)ः**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-
क) क्या तितरम मोड़, कैथल से हिसार वाया हांसी तक चार मार्गी सड़क निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त चार मार्गी सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा
ख) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

----